दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, सोमवार 20 जुलाई 2020 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-02, अंक- 291

## मोदी ने असम के सीएम को हरसंभव सहयोग का दिया आश्वासन



**गुवाहाटी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम में बाढ़ के कारण पैदा हुए हालात से निपटने के लिए रविवार को राज्य को हरसंभव मदद मुहैया कराने का आश्वासन दिया. इस बाढ़ के कारण इस साल अब तक 81 लोगों की मौत हो चुकी है. पीएम मोदी ने असम के मुख्यमंत्री सर्बानंद सोनोवाल से फोन पर बाढ़ संबंधी हालात को लेकर चर्चा की. उन्होंने कोविड-19 संबंधी स्थिति और ऑयल इंडिया के बागजान गैस कुएं में आग बुझाने के जारी प्रयासों की भी जानकारी ली.

सोनोवाल ने ट्वीट किया, ''प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सुबह फोन पर बातचीत करके असम में बाढ़, कोविड-19 संबंधी हालात और बागजान तेल कुएं में आग संबंधी स्थिति की जानकारी ली.'' उन्होंने कहा, ''प्रधानमंत्री ने राज्य के प्रति चिंता एवं लोगों के साथ एकजुटता व्यक्त की और हर संभव मदद मुहैया कराने का आश्वासन दिया.''

मुख्यमंत्री कार्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि सोनोवाल ने लोगों के सामने आ रही समस्याओं से निपटने के लिए राज्य में अब तक उठाए गए कदमों के बारे में मोदी को सूचित किया.

असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने सुबह अपने बुलिटेन में बताया कि इस वर्ष बाढ़ और भूस्खलन से राज्य में 107 लोगों की मौत हो चुकी है. इनमें से 81 लोगों की मौत बाढ़ संबंधी घटनाओं और 26 लोगों की मौत भूस्खलनों के कारण हुई. असम के 33 जिलों में से 26 जिलों में 27 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं और कई स्थानों पर मकान, फसलें, सड़क एवं पुल तबाह हो गए.

असम में कोरोना वायरस संक्रमण के 22,981 मामले सामने आ चुके है. इनमें से केवल गुवाहाटी शहर में 10,503 मामले सामने आए हैं।

## 48 घंटे बाद खुला बदरीनाथ हाईवे



**चमोली।** बदरीनाथ हाईवे पीपलकोटी के पास भनारपानी में शाम छह बजे 48 घंटे बाद खोला गया। शनिवार को कार्य के दौरान एक जेसीबी ऑपरेटर के पत्थरों की चपेट में आकर घायल होने से अन्य ऑपरेटर यहां कार्य करने से कतरा रहे थे। वहीं हाईवे बाधित होने से बदरीनाथ धाम जा रहे तीर्थयात्रियों समेत 200 से अधिक लोग फंसे रहे। हाईवे खुलने के बाद उन्होंने राहत की सांस ली। गौरतलब है कि शुक्रवार रात 11 बजे बदरीनाथ हाईवे भनारपानी में अवरुद्ध हो गया था। वहीं स्थानीय लोग चट्टान से गुजर कर दो किमी तक पैदल सफरकर भूस्खलन जोन को पार कर रहे थे। पीपलकोटी से करीब दो किमी की दूरी पर भनारपानी में चट्टान के करीब 200 मीटर हिस्से में लगातार भूस्खलन हो रहा है। ऑलवेदर रोड परियोजना कार्य के बाद से यहां चट्टान से भूस्खलन शुरू हुआ, जो थम नहीं रहा है। भनारपानी में भूस्खलन जोन अब हाईवे पर मुसीबत का सबब बनी हुई है। आएदिन हाईवे बाधित होने से लोगों को दिक्कतें झेलनी पड़ रही है। रविवार को कई श्रद्धालु हाईवे न खुलते देख बिना बदरीनाथ के दर्शनों के ही वापस लौट गए।

### महत्वपूर्ण एवं खास

#### चीन में कोरोना संक्रमण के 16 नये मामले

**बीजिंग।** चीन में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना वायरस (कोविड-19) संक्रमण के 16 नये मामले दर्ज किये गये, जिनमें से 13 स्थानीय संक्रमण के हैं जबकि तीन बाहर से आये मामले हैं। चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग की ओर से रविवार को जारी दैनिक रिपोर्ट के अनुसार स्थानीय संक्रमण के मामलों में सभी मामले उत्तर-पश्चिमी चीन के शिनजियांग उइगर स्वयत्त क्षेत्र के हैं। चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग के मुताबिक इस दौरान कोविड-19 से किसी भी व्यक्ति की मौत नहीं हुई है।

#### दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया में कोरोना के मामले छह लाख पार

**जोहानिसबर्ग।** अमेरिका, दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में कोविड-19 के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं और स्थिति के समान्य होने के फिलहाल कोई संकेत नजर नहीं आ रहे। दुनियाभर में संक्रमण के कारण मौत के मामले छह लाख के पार जा चुके हैं।विश्व में कोरोना वायरस के सबसे अधिक मामले जहां अमेरिका में सामने आए हैं। वहीं सबसे अधिक मामलों की सूची में दक्षिण अफ्रीका 3,50,879 मामलों के साथ पांचवे नंबर पर आ गया है। वहीं चीन के उरूमकी में रविवार को 13 और दक्षिण कोरिया में 40 से कम नए मामले सामने आए। चीन में मार्च में कोरोना वायरस संक्रमण की रोकथाम के बाद उरूमकी शहर में संक्रमण का नया दौर शुरू हो गया। इससे पहले बीजिंग में 330 से अधिक लोगों के संक्रमित होने की पुष्टि हुई थी। चीन की मीडिया के अनुसार उरूमकी शहर में अधिकारियों ने सबवे, बसों और टैक्सियों की संख्या घटा दी है साथ ही कुछ रिहायशी इलाकों को बंद कर दिया गया है।

#### सड़क पर लिखे 'ब्लैक लाइव्स मैटर' पर महिलाओं ने फेंका काला पेंट

**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क शहर स्थित ट्रम्प टावर के बाहर सड़क पर पीले रंग से लिखे गए 'ब्लैक लाइव्स मैटर' को एक सप्ताह में तीसरी बार विरूपित किया गया है। पुलिस ने बताया कि ट्रम्प टावर के बाहर सड़क पर लिखे 'ब्लैक लाइव्स मैटर' पर दो महिलाओं ने काला पेंट फेंका। उन्हें शनिवार अपराह्न करीब तीन बजे गिरफ्तार किया गया। एक वीडियो में दिख रहा है कि पुलिस अधिकारी एक महिला को घेरे हुए हैं और वह चमकते पीले अक्षरों पर पेंट रगड़ रही है और चिल्ला रही है, ''उन्हें काले लोगों के जीवन की परवाह नहीं''। पुलिस ने बताया कि इस पेंट पर एक अधिकारी फिसल कर गिर गया, जिससे उसके सिर और बाजू पर चोट लग गई। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उसकी हालत स्थिर है। पुलिस विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि महिलाओं के नाम और उनके खिलाफ लगाए जाने वाले संभावित आरोपों पर कोई सूचना तत्काल उपलब्ध नहीं है। शहर पुलिस संघ 'पुलिस बेनेवोलेंट एसोसिएशन' ने ट्वीट किया, ''शुक्र है कि हमारा भाई ठीक है, लेकिन इस बेवकूफी को रोके जाने की आवश्यकता है। हमारा शहर संकट में है। सड़क पर पेंट लगाने से किसी का भला नहीं होगा।

#### दादी एलिजाबेथ द्वितीय की पोशाक पहनकर राजकुमारी बीट्रिस ने रचाई शादी

लंदन,19 जुलाई । ब्रिटेन की राजकुमारी बीट्रिस ने अपनी दादी महारानी एलिजाबेथ द्वितीय की एक विंटेज पोशाक पहनकर एडुआर्डो मापेली मोज्जी से शादी रचाई। बकिंघम पैलेस ने बेहद निजी एवं सादे तरीके से हुई इस शादी की आधिकारिक तस्वीरें जारी की हैं।महारानी की पोती और प्रॉपर्टी कारोबारी ने विंडसर के रॉयल लॉज में रॉयल चैपल ऑफ ऑल सेंट्स में शादी की।

#### मैक्सिको में एक दिन में कोरोना के 7,600 से अधिक मामले

मैक्सिको सिटी,19 जुलाई । मैक्सिको में कोरोना वायरस के बढ़ी संख्या में मामले सामने आने का सिलसिला थम नहीं रहा है, जिससे अर्थव्यवस्था को फिर से खोलने की योजनाएं अधर में लटकी हैं। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि शनिवार को संक्रमण के 7,615 और मामले सामने आए तथा 578 लोगों की मौत हुई।

## यूपी चुनाव में तीनों एजेंडे हल करने के बाद उतरेगी भाजपा

**नइ दिल्ली(आरएनएस)।** साल 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के एजेंडे के साथ उतरेगी। पार्टी की योजना चुनाव से पूर्व अपने तीनों अहम एजेंडे को अमली जामा पहना देने की है। राम मंदिर निर्माण और अनुच्छेद 370 को निरस्त करने का एजेंडा पूरा कर चुकी भाजपा की योजना इस चुनाव से पूर्व समान नागरिक संहिता लागू करने के अपने तीसरे अहम एजेंडे को अमली जामा पहनाने की है। इसके बाद पार्टी चुनाव मैदान में जो कहा वो किया के नारे के साथ मैदान में उतरेगी।

गौरतलब है कि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का सिलसिला पांच अगस्त से भूमि पूजन के साथ शुरू होगा। भूमि पूजन ऐसे समय में हो रहा है जब बिहार में नवंबर में विधानसभा चुनाव होने हैं। मंदिर निर्माण में तीन से चार साल का वक्त लगेगा। ऐसे में पार्टी को उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में ही नहीं बल्कि साल 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव तक इस मुद्दे का साथ मिलेगा। बहुत संभावना है कि मंदिर निर्माण का काम लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने से पहले ही हो जाए।



#### पीएम ने अमेरिकी सांसद जॉन लेविस के निधन पर शोक व्यक्त किया

**नई दिल्ली(आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिकी सांसद जॉन लेविस के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने एक ट्वीट में कहा, 'हम नागरिक अधिकारों, अहिंसा और गांधीवादी मूल्यों के एक अग्रणी हिमायती रहे अमेरिकी सांसद जॉन लेविस के निधन पर शोक व्यक्त करते हैं। नागरिक अधिकारों और मूल्यों के लिए उनके अथक प्रयास हमें सदैव प्रेरित करेंगे।'

## बस और कार की भीषण टक्कर से 6 लोगों की मौत, 40 घायल

**कन्नौज (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के कन्नौज जिले में आज सुबह बड़ा हादसा हुआ है। कन्नौज में लखनऊ आगरा एक्सप्रेस-वे पर हुए दर्दनाक हादसे में बिहार के 6 कामगारों की मौत हो गई जबकि 40 से ज्यादा लोग इस हादसे में घायल बताए जा रहे हैं। सभी घायलों को सौरिख और सैफई के अस्पताल भेजा गया है। जानकारी के मुताबिक एक प्राइवेट डबल डेकर बस जोकि पूरी तरह से भरी हुई थी, वो बिहार के दरभंगा के मसवनी से कामगारों को लेकर दिल्ली जा रही थी। जोकि रास्ते में हादसे का शिकार हो गई।

बता दें कि लॉकडाउन के दौरान में जो कामगार और मजदूर अपने घर गए थे वह दोबारा बड़े शहरों की तरफ अपनी वापसी कर रहे हैं। इसी कड़ी में बिहार के मधुबनी से एक स्लीपर बस कई लोगों को लेकर दिल्ली जा रही है। बस एक्सप्रेस वे से होकर गुजरते समय सौरिख के करीब सामने खड़ी एक लग्जरी कार से बस की टक्कर हो गई। बस की रफ्तार तेज होने से टक्कर भी तेज हुई और दोनों ही गाड़ियां पलट कर एक्सप्रेस वे से नीचे जा गिरी।

हादसे के बाद बस में सवार सवारियों में चीख पुकार मच गई। हादसे की आवाज से आस पड़ोस से बड़ी संख्या में लोग भी पहुंच गए। सो थाना की पुलिस और एक्सप्रेस वे की पेट्रोलिंग टीम भी पहुंच गई। लोगों की मदद से बस में फंसे लोगों को बाहर निकाला गया। इसमें 6 लोगों की मौत की बात सामने आई है। जख्मी हुए 40 से ज्यादा लोगों को एंबुलेंस की मदद से पास के सौरिख और इटावा के सैफई के अस्पतालों में भेजा गया है।

## अभिमन्यु को रोका मगर यस मैन हासिल नहीं कर पाए खट्टर

**नई दिल्ली(आरएनएस)।** आखिरकार तीन महीने की सियासी माथापच्ची के बाद हरियाणा में भाजपा को नया अध्यक्ष मिल गया। हालांकि इस पूरी लड़ाई में मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर एड़ी चोटी का जोर लगाने के बावजूद अपने पसंदीदा चेहरे को संगठन की कमान नहीं दिला पाए। भाजपा नेतृत्व ने इस पद पर पूर्व मंत्री ओमप्रकाश धनखड़ को नियुक्त कर साफ संदेश दिया है कि पार्टीशासित राज्यों में अब मुख्यमंत्रियों को अध्यक्ष के रूप में यस मैन नहीं मिलेगा।

यूं तो हरियाणा में अध्यक्ष पद के लिए माथापच्ची मार्च महीने में ही शुरू हो गई थी। हालांकि अप्रैल महीने में ही केंद्रीय नेतृत्व ने साफ कर दिया था कि वह राज्य में संगठन की कमान जाट बिरादरी के नेता को देना चाहता है। सूत्रों के मुताबिक उस दौरान गृह मंत्री अमित शाह की पहली पसंद पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु थे जबकि वर्तमान अध्यक्ष जेपी नड्डा के करीबी होने के कारण धनखड़ भी इस पद के प्रबल दावेदार थे। इसके बाद प्रदेश में अलग-अलग गुटों में संगठन का पद हासिल करने के लिए वार-पलटवार शुरू हो गया।

**हर दांव आजमा कर भी फेल हुए खट्टर-** अध्यक्ष पद के सवाल पर सीएम मनोहर लाल खट्टर ने हर दांव आजमाया। उन्होंने पहले कोशिश की कि वर्तमान अध्यक्ष सुभाष बराला को ही एक बार फिर से अध्यक्ष बनाया जाए। सूत्रों के मुताबिक नेतृत्व की ना के बाद सीएम ने गैरजाट चेहरे को संगठन की कमान दिलाने के लिए पूरी ताकत लगाई। इस मुहिम में उन्हें पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह का भी साथ मिला।

इस क्रम में सीएम की ओर से कृष्णपाल गुर्जर का नाम प्रस्तावित किया गया। इसी दौरान संदीप जोशी और महिपाल ढांढा के लिए भी प्रयास हुए। जोरआजमाइश के बीच सीएम ने दो बार पीएम नरेंद्र मोदी, तीन बार नड्डा और दो बार शाह से भी मुलाकात की।

हालांकि इन मुलाकातों में नेतृत्व ने साफ कर दिया कि प्रदेश में संगठन की कमान न सिर्फ जाट बिरादरी को दी जाएगी, बल्कि अनुभव को भी तरजीह दी जाएगी।

**अंतिम समय में कटा अभिमन्यु का पत्ता-** सूत्रों का कहना है कि शाह की पसंद पूर्व मंत्री अभिमन्यु थे। सीएम न तो अभिमन्यु और न ही धनखड़ के नाम पर राजी थे। उन्होंने किसी तीसरे को संगठन की कमान दिलाने की हर संभव कोशिश की। बताते हैं कि कई दौर की माथापच्ची के बाद आखिरकार सीएम ने धनखड़ के नाम पर सहमति दी। माना जा रहा है कि अब अभिमन्यु को केंद्रीय संगठन में भूमिका दी जाएगी।

## राजधानी में भारी बारिश से डूबी डीटीसी की बस



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली-एनसीआर में कई दिनों से मानसून की बारिश का इंतजार कर रहे लोगों को रविवार सुबह एक ओर गर्मी से राहत तो मिली, लेकिन भारी बारिश के कारण परेशानियां भी बढ़ गई। सवेरे से ही बादल छाए रहने के बाद कई इलाकों में धीमी बरसात हुई और फिर तेज हो गई। दिल्ली-एनसीआर में लगातार हो रही बारिश के कारण इलाकों में सड़कों पर पानी भर आया है। भारतीय मौसम विभाग ने आज दिन भर दिल्ली में बारिश और बिजली की भविष्यवाणी भी की है। मूसलाधार बारिश से दिल्ली के मिंटो रोड इलाके में अंडरपास में पानी भर गया है। इस दौरान अंडरपास से गुजर रही डीटीसी की एक बस पानी में डूब गई। लोग बस से निकलकर छतों पर चढ़ गए जिसके बाद सीढ़ी लगाकर बस यात्रियों को निकाला गया।

## पीएम मोदी के ट्विटर फॉलोअर्स की संख्या बढ़कर छह करोड़ पर पहुंची

**नईदिल्ली(आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता माइक्रो-ब्लागिंग साइट ट्विटर पर लगातार बढ़ती जा रही है और उनके फॉलोअर्स की संख्या बढ़कर छह करोड़ पर पहुंच गई है। मोदी जनवरी 2009 में ट्विटर से जुड़े हैं। प्रधानमंत्री के ट्विटर हैंडल के अनुसार, उनके फॉलोअर्स की संख्या छह करोड़ पर पहुंच गई है। सितंबर-19 में ट्विटर पर मोदी के फॉलोअर्स की संख्या पांच करोड़ थी। मोदी के मंत्रिमंडल में अहम स्थान रखने वाले केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के ट्विटर पर दो करोड 16 लाख फॉलोअर हैं। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व अध्यक्ष श्री शाह मई 2013 में ट्विटर से जुड़े हैं। अप्रैल 2013 से ट्विटर पर सक्रिय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के एक करोड 78 लाख फॉलोअर्स हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और केरल में वायनाड से सांसद राहुल गांधी के ट्विटर फॉलोअर्स एक करोड़ 52 लाख हैं। श्री गांधी अप्रैल 2015 में इससे जुड़े हैं , हालांकि उनकी मां और कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के ट्विटर फॉलोअर्स की संख्या बहुत कम यानी लाखों में है। ट्विटर फॉलोअर्स के लिहाज से अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के 12.9 करोड़ फॉलोअर है। सितंबर-19 में यह संख्या 10.8 करोड थी। ट्विटर पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फॉलोअर्स की संख्या में पिछले साल सितंबर के छह करोड़ 41 लाख की तुलना में यह बढ़कर 8.37 करोड पर पहुंच गई है।

## पांच अगस्त को होगा राम मंदिर के लिए भूमि पूजन

**नई दिल्ली(आरएनएस)।** राम मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन पांच अगस्त को होगा। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी न सिर्फ भूमि पूजन में हिस्सा लेंगे, बल्कि इसे संपन्न भी कराएंगे। रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की शनिवार को हुई बैठक में भूमि पूजन के लिए तीन अगस्त और पांच अगस्त का प्रस्ताव प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) को दिया गया था। पीएमओ सूत्रों के मुताबिक प्रधानमंत्री ने पांच अगस्त को भूमि पूजन कराने पर सहमत दी है।

हालांकि भूमि पूजन कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के शिरकत की आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, मगर पीएमओ सूत्रों का कहना है कि इस पर सैद्धांतिक सहमति बन गई है। अब तक की जानकारी के मुताबिक पीएम पांच अगस्त को ग्यारह बजे अयोध्या पहुंचेंगे और तीन घंटे तक वहां रहेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री हनुमानगढ़ी का भी दर्शन करेंगे। इस दौरान पीएम राम मंदिर सहित अन्य विकास कार्यों की भी जानकारी लेंगे।



**पांच अगस्त ही क्यों?**

भूमि पूजन के लिए तीन और पांच अगस्त की दो तारीखें तय की गई थी। प्रधानमंत्री ने पांच अगस्त का दिन चुना। दरअसल बीते साल 5 अगस्त को ही जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाया गया था। यही कारण है कि राम मंदिर के भूमि पूजन के लिए भी यही तारीख तय की गई। गौरतलब है कि भाजपा ने अपनी स्थापना के साथ ही जिन तीन मुद्दों को मुख्य मुद्दा बनाया था, उनमें राम मंदिर निर्माण, जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने और देश भर में समान नागरिक संहिता बहाल करना शामिल था।